# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/0155
दिनांक : 27.04.2019

## विज्ञप्ति

सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक एवं परास्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित समस्त व्यवसायिक ~~एवं~~ परम्परागत पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर (जून-2019) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाओं के लिये परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuweb.in** पर ऑन लाईन भरवाये जाने हेतु **माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुये एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये सन्दर्भित परीक्षा फार्म मात्र तीन दिवस (28, 29 एवं 30.04.2019) के लिये विलम्ब शुल्क रू0 500/- (पाँच सौ रूपये मात्र) के साथ भरने हेतु तिथियाँ निम्नानुसार विस्तारित की जाती है :-**

**ऑन-लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :-**

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि | 28.03.2019 |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा विलम्ब शुल्क रूपये 500/- (पाँच सौ मात्र) के साथ परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन-लाईन भरने की अन्तिम तिथि | 30.04.2019 |
| 03. | परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि | 01.05.2019 |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | 02.05.2019 |

विशेष नोट :-

1. **विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।**
2. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली-भाँति अध्ययन करने के पश्चात ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी सम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करायेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सन्दर्भित परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली-भाँति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक-प्रति कुलपति को, प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक-कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक-वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
06. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
07. उप कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
08. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव